एक नजर में

भैरव जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

बैतूल। श्री सागौन वाले बाबा दरबार निराला समिति के तत्वाधान में भैरव जयंती की तैयारियों को लेकर सागौन बाबा दरबार में बैठक संपन्न हुई। इस संबंध में समिति के अनिल कुबड़े ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार 12 नवम्बर को परशुराम चौक पर भगवान श्री बटुकनाथ काल भैरव का अभिषेक, हवन-पूजन और श्रृंगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए दायित्व सौंपे जा रहें हैं। कार्यक्रम का समापन शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारे के साथ किया जाएगा।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गुरुनानक देव की जयंती

सारनी। विद्युत नगरी सारनी एवं पाथाखेड़ा के गुरुद्वारो में गुरु नानक देव जी की 556 वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारे में सुबह से ही सिख धर्म के अनुयायियों ने माथा टेका और पूरे दिन शबद कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा। गुरुद्वारा सिंह सभा सारनी के पदाधिकारी जगदीश आहूजा, परमजीत सिंह ने बताया कि गुरु नानक जयंती प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाई जाती है। यह दिन सिख धर्म के प्रथम गुरु,गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।इस पर्व को गुरु पूरब या प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है। गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर पाथाखेड़ा और सारणी के गुरुद्वारा से भक्तजनों ने प्रभात फेरियों में भाग लेते हैं,भजन-कीर्तन करते हैं और गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ कर गुरु जी की शिक्षाओं को याद करते हैं। गुरुद्वारों में मत्था टेकने के साथ-साथ लंगर का भी आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में विद्युत नगरी सारनी के श्रद्धालुओं के माध्यम से लंगर का प्रसाद ग्रहण करने का कार्य किया गया। लंगर के कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारी जनप्रतिनिधि अधिकारी और आम जनमानस बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव पद पर सन्नी एरोलू हुए निर्वाचित

सारनी। युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव में सारनी के युवा नेता सन्नी एरोलू प्रदेश महासचिव निर्वाचित होने पर कांग्रेसियों में हर्ष व्याप्त है। वहीं दूसरी तरफ ब्लाक अध्यक्ष पद पर गौतम नागले निर्वाचित हुए हैं। बताया जाता है कि युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की है। कांग्रेस नेताओ ने कहा कि पचमढ़ी में प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भर के जिले स्तर पर प्रशिक्षण प्रभारी की सूची जारी होने के बाद युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा करके संगठन में नई उर्जा प्रदान की है। नगर के युवा नेता सन्नी एरोलू को प्रदेश महासचिव एवं गौतम नागले को ब्लाक अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पूर्व केबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे, किशोर चौहान, तिरुपति एरोलू,मोहम्मद इलियास, पंचू खान,मानिक धोटे, महेंद्र भारती आदि ने बधाई दी है।

नेहरू पार्क में बच्चों की फैंसी ड्रेस स्पर्धा 14 को

बैतूल। आचार्य युथ सोसाइटी एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में 14 नवंबर दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। गोपाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 10 बजे देश के प्रथम प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की जाएगी एवं केक काटकर बच्चों को वितरित किया जाएगा एवं 11 बजे से बच्चों की फैंसी ड्रेस स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा।

निरीक्षण : संभागायुक्त ने किया बैतूल मंडी का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

बैतूल, 6 नवंबर. संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ गुरुवार को बैतूल मुख्यालय स्थित बडोरा कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण किया।

> भावांतर भुगतान योजना के क्रियांवयन के निर्देश
>
> किसानों से चर्चा कर भुगतान की ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सोयाबीन नीलामी प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण में भावांतर भुगतान योजना में पंजीकृत किसानों द्वारा अपनी उपज की बिक्री का अवलोकन किया गया। इस दौरान पंजीकृत कृषक द्वारा अपनी सोयाबीन 4511 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से व्यापारी को बेचे जाने की प्रक्रिया संभागायुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होंने ग्राम रानीपुर के कृषक धनराज और हिरावाड़ी के कृषक अशोक राठौर से चर्चा कर भुगतान की समयावधि की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि अधिकांश मामलों में भुगतान उसी दिन या तौल लंबित रहने पर अगले दिन मिल जाता है। संभागायुक्त श्री तिवारी ने भारसाधक अधिकारी एवं मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें। किसानों को उपज विक्रय में परेशानी न आए और शिकायतों का त्वरित निराकरण हो। भावांतर भुगतान योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंडी सचिव ने बताया कि जो किसान अपनी उपज को सुखाकर

और साफ-सुथरा कर ला रहे हैं, उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है, जबकि निम्न गुणवत्ता की उपज के भाव में कमी आ रही है। किसानों से अपील की गई कि वे अपनी उपज को नमी रहित और स्वच्छ अवस्था में मंडी तक लाएं, ताकि उन्हें अधिकतम मूल्य और भावांतर की राशि का लाभ मिल सके।

विशेष गहन पुनरीक्षण गतिविधियों का निरीक्षण

बैतूल। जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति का गुरुवार को संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडोरा में पहुँचकर बूथ लेवल अधिकारी श्रीमती ज्ञानबाला देशमुख एवं श्रीमती उषा मसौदकर से चर्चा कर हाउस-टू-हाउस विजिट, गणना प्रपत्र वितरण एवं [illegible] एप पर मैपिंग की जानकारी ली। इसके बाद संभागायुक्त ने विकासखंड आठनेर के ग्राम मांडवी में भी विशेष गहन पुनरीक्षण की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ ऐप पर शत-प्रतिशत मैपिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। गणना पत्रक प्राप्त होते ही फील्ड में फार्म वितरण की गति बढ़ाई जाए तथा आवश्यकतानुसार वॉलंटियर्स की सहायता भी ली जाए।

आठनेर जनपद और तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

बैतूल। संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ आठनेर जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन, कार्य विभाजन, बायोमेट्रिक उपस्थिति और कार्यालयीन कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, उपायुक्त गणेश अग्रवाल और जनपद अध्यक्ष आठनेर श्रीमती रोशनी यादव भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री तिवारी ने सबसे पहले जनपद पंचायत कार्यालय का दौरा कर जनपद सीईओ से ई-ऑफिस के संचालन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की आईडी तैयार कर ई-ऑफिस को पूर्णतः सक्रिय किया जाए तथा आवक-जावक सहित किसी भी फाइल का संचालन ऑफलाइन न हो। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की सभी फाइलों को भी ई-ऑफिस में दर्ज किया जाए और कार्यालय की स्थापना तथा विकास कार्यों के संबंध में व्यवस्थित एवं स्पष्ट कार्य-विभाजन सुनिश्चित किया जाए। संभागायुक्त ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस के निर्देशों का भी कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इसके बाद संभागायुक्त ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर तहसीलदार आठनेर से ई-ऑफिस व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने तहसील स्तर पर भी ई-ऑफिस के प्रभावी और पूर्ण क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन को लेकर बीएमएस की हुई बैठक

सारनी। भारतीय मजदूर संघ द्वारा बैतूल में जिला मुख्यालय पर आगामी 17 नवंबर को धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसमें कर्मचारी हितों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर सारनी में बीएमएस से संबंद्ध नगर पालिका मजदूर संघ की आवश्यक बैठक हुई।भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध नगर पालिक मजदूर संघ बैतूल के जिलाध्यक्ष केके भावसार ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पंजाब राव गायकवाड़ के निर्देशन में 17 नवंबर को बैतूल जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसे लेकर

सारनी में नगर पालिका मजदूर संघ की बैठक हुई। इसमें अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को जिला मुख्यालय पहुंचने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि जिला मंत्री गायकवाड द्वारा जिले की समस्त नगरपालिकाओं के प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। नगरीय निकाय बैतूल, सारनी, मुलताई, आमला, आठनेर, चिचोली, भैंसदेही, बैतूल बाजार, शाहपुर, घोड़ाडोगरी, नगरपालिकाओं के प्रतिनिधियों से कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के विषय में चर्चा कर जिला स्तर पर ज्ञापन देने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने हेतु अपील की गई। संघ मुख्य रूप से दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करना, ई हाजरी में तकनीकी समस्याओं का निराकरण करना, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप स्वास्थ सेवा राज्य सरकार भी लागू करे, दैनिक वेतन भोगी / विनियमित कर्मचारियों के मृत्यु उपरांत उनके परिवार के आश्रित लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाना, माह की 1 से 5 तारीख के बीच निश्चित रुप से वेतन वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करना, शारीरिक शिथिलता एवं अन्य बीमारियों के कारण कर्मचारियों के स्थान पर उनके आश्रित को नियुक्त करना है।

पावर प्लांट की दोनों इकाईयों से उत्पादन शुरू

सारनी। सतपुरा पावर प्लांट की 10 एवं 11 नंबर इकाई से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। इकाइयां प्रारंभ होने से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। मंडल सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में बिजली की मांग कम होने की वजह से सारनी पावर प्लांट की दो एवं श्री सिंगाजी पावर प्लांट की तीन बड़ी इकाइयों को बंद कर दिया गया था। इकाईयों को बंद करने की वजह बिजली की डिमांड कम एवं जल विद्युत गृह से बिजली उत्पादन को बताया जा रहा था। पावर प्लांट का बिजली उत्पादन ठप्प हो जाने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा

ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। श्री डागा ने नई इकाई स्थापित करने पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया था। मंडल सूत्रों ने बताया कि 10 एवं 11 नंबर इकाई को दिन में कम लोड पर एवं रात्रि में फुल लोड पर बिजली उत्पादन किया जा रहा है। हालांकि इकाइयां एक बार शुरू होने से सभी अटकलों पर विराम लग गया है। इस संबंध में सतपुडा पावर प्लांट सारनी के एडिशनल चीफ इंजीनियर एसएन सिंह ने बताया कि सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की 10 एवं 11 नंबर इकाई से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया गया है।

संभागायुक्त ने प्रगतिरत मेढा समूह जल परियोजना का किया निरीक्षण

बैतूल। संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को जिले का सघन भ्रमण कर मैदानी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। उन्होंने झल्लार के ग्राम मेढ़ा में प्रगतिरत मेढा समूह जल परियोजना का निरीक्षण लिया। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से परियोजना में इंटेकवेल, एप्रोच ब्रिज, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और पाइपलाइन बिछाने के कार्य की जानकारी ली। उन्होंने परियोजना के कॉन्ट्रैक्टर को कार्य में गति लाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री बघेल सहित जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहें। इसके बाद संभागायुक्त श्री तिवारी ग्राम पंचायत टेमुरनी पहुंचे ओर यहां नल जल योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि आपके घरों में नल से पानी आ रहा है या नही ? जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि उनके घरों में हर सुबह 5 बजे से 9 बजे के बीच आधे घंटे के लिए नल से पानी आता हैं, जिससे पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो जाती हैं। उन्होंने ट्यूबवेल चालू करवाकर नलों में पानी की स्थिति का भी जायजा लिया।

5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ साथ वार्षिकोत्स्व संपन्न

मुलताई। गायत्री शक्ति पीठ मुलताई के 42 वे स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को गायत्री शक्ति पीठ में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ।

जिसमें सैकड़ों साधक भाई बहनों ने उपस्थित होकर राष्ट्र के नव निर्माण के लिए आहुतियों समर्पित की। इस पावन अवसर पर मुंडन संस्कार,पुंसवन संस्कार,विद्यारंभ अन्नप्राशन संस्कार सहित अनेक संस्कार निःशुल्क सम्पन्न कराए गए। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जिला समन्वय समिति सदस्य टी के चौधरी ने पूज्य गुरुदेव के विचारों को जन जन तक पहुंचाने

उपस्थित परिजनों को विशेष मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्पत राव धोटे, यादोराव निंबालकर, नारायण देशमुख, रामदास गडेकर,अमृत राव बारंगे, घनश्याम साहू,अनिल परिहार, योगेश साहू, निर्मला चौधरी,मीरा देशमुख, वेणुताई माथनकर, रामदास देशमुख,सुरेश पवार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर राष्ट्र जागरण के लिए आहुतियां समर्पित कर राष्ट्र नव निर्माण के लिए नियमित 2 घंटे समय दान करने का संकल्प लिया।

भाजपा सारनी मंडल में पद वितरण पर विवादित हलचल

पाथाखेड़ा। भाजपा सारनी मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित होते ही संगठन के भीतर असंतोष की लहर फैल गई है। कार्यकर्ता अंजनी सिंह ने खुलकर विरोध जताते हुए कहा कि ईमानदार कार्यकर्ताओं की अनदेखी अस्वीकार्य है। लगभग तीन दशकों से पार्टी से जुड़े अंजनी सिंह ने सोशल मीडिया पर मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत और विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नई कार्यकारिणी में जुआ-सट्टे से जुड़े लोगों को प्रमुख पद दिए गए हैं, जबकि निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर दिया गया। सिंह ने लिखा, 1995 से मैं भाजपा के साथ खड़ा हूँ, पर अब संगठन में नैतिकता और पारदर्शिता का अभाव दिख रहा है। इससे ईमानदार कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है। उनकी इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर भारी प्रतिक्रिया देखने को मिली। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में टिप्पणी की। हालांकि अब तक मंडल अध्यक्ष या विधायक की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, पर सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ पदाधिकारी संगठन में बढ़ते असंतोष को शांत करने की कोशिश में जुटे हैं।

रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर की ठगी

सारनी। सगी चचेरी बहन के बेटे को रेलवे में नौकरी लगने के नाम पर दक्षिण वन मंडल में कार्यरत वनकर्मी ने लाखों रुपयों की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले की शिकायत पीड़ित महिला (चचेरी बहन) ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर से की है। पीड़ित श्रीमती कमला पाल पति अशोक पाल ने बताया कि वन विभाग बैतूल की स्थापना में काम करने वाले माखन पाल पिता भगूलाल पाल ने 9 अक्टूबर 2019 को मेरे बेटे भूपेंद्र पाल को रेलवे विभाग में नौकरी लगने के लिए 5 लाख 70 हजार रुपए नगद लिए लेकिन 6 वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी उनके पुत्र भूपेंद्र पाल को रेलवे विभाग में नौकरी नहीं मिल पाई है। श्रीमती पाल ने बेटे को नौकरी

> पीड़ित महिला ने जनसुनवाई में कलेक्टर से की शिकायत
>
> राशि वापस मांगने पर चचेरा भाई कर रहा गुमराह

नहीं मिलने पर अपने चचेरे भाई माखन पाल से पैसे वापस करने की मांग की। परंतु आज देता हूं कल देता हूं करके गुमराह करने पर 6 साल के लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को बैतूल में होने वाले जनसुनवाई में खड़े होकर वन विभाग में कार्य करने चचेरे भाई से पैसे दिलाने की गुहार लगाई है। आश्चर्य की बात यह है कि वन विभाग के स्थापना शाखा में पदस्थ वनकर्मी ने नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से ठगी की है। इतना ही नहीं कुछ लोगों के पैसे वापस दिए हैं। जबकि कमला पाल के पैसे वापस नहीं दिए हैं। श्रीमती पाल का कहना है कि फल फ्रूट बेचकर वह जैसे तैसे अपना घर परिवार संचालित कर रही है। वर्तमान समय में उनके पति का स्वास्थ्य खराब है और उनके उपचार के लिए उन्हें बड़ी रकम लग रही है।

सारनी में लापरवाही से काटा गया 60 फीट ऊँचा पेड़

पाथाखेड़ा। नगर के जय स्तंभ के पास गुरुवार को लगभग साठ फीट ऊँचा विशाल वृक्ष बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के काट दिया गया। पेड़ कटाई के दौरान न तो बैरिकेड लगाए गए और न ही स्थल पर किसी प्रकार के सुरक्षा मानक अपनाए गए। इस गंभीर लापरवाही के चलते एक बड़ी दुर्घटना टलते-टलते रह गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ के गिरने से सड़क के दूसरी ओर स्थित एक दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं बिजली के तार टूटकर नीचे गिर गए और एक विद्युत खंभा भी तिरछा हो गया। बताया गया कि घटना के दौरान

ठेकेदार के कर्मचारी भी सुरक्षा मानकों के अनुरूप मौजूद नहीं थे। न तो हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट या चेतावनी संकेतक का उपयोग किया गया और न ही आसपास किसी प्रकार की सुरक्षा घेराबंदी की गई थी।स्थानीय समाजसेवी अयूब अंसारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन के निर्देशों के बावजूद ठेकेदार की अनुपस्थिति में पेड़ कटाई कराना अत्यंत लापरवाहीपूर्ण है। यदि बिजली के तारों में करंट प्रवाहित होता या पेड़ दूसरी दिशा में गिरता, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रश्न उठाए हैं कि इतनी ऊँचाई वाले पेड़ की कटाई नगर पालिका अथवा विद्युत विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में होनी चाहिए थी। मगर मौके पर ठेकेदार के कुछ मजदूरों के अलावा कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति उपस्थित नहीं था। पेड़ के आधे से अधिक हिस्से को काट दिया गया है, जिससे न केवल पर्यावरणीय क्षति हुई है, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि कार्य से पूर्व अनुमति और सुरक्षा मूल्यांकन नहीं किया गया था। अब शहरवासी मांग कर रहे हैं कि इस मामले की जांच की जाए कि पेड़ की कटाई की अनुमति किस स्तर से दी गई और क्यों सुरक्षा प्रोटोकॉल को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।

कार्यक्रम ▶ बैतूल में रैम्प योजना के तहत मप्र लघु उद्योग निगम द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित

उद्यम स्थापना के लिए आगे आएं जिले के उद्यमी : शिवानी राय

बैतूल। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम का क्षेत्र देश में सर्वाधिक संभावनाओं और तेजी से बूस्ट होने वाला क्षेत्र है। बैतूल जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है और यहां एमएसएमई के बढ़ने के लिए अनुकूल संसाधन और माहौल उपलब्ध है।

जिले के उद्यमी आगे आएं और शासन की योजनाओं और जिले में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए अपने उद्यम स्थापित कर स्वयं, जिले, प्रदेश के साथ-साथ देश की उन्नति में योगदान दें। उत्काशय के उद्गार जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी राय ने व्यक्त किए हैं। वे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की रैम्प

योजना के तहत आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रही थीं। मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का आयोजन उद्यमिता विकास केंद्र मप्र (सेडमैप) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष बीए पांडे, सीए सुनील हिरानी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक धीरज मंडलेकर, गवर्नमेंट लॉ कॉलेज के प्राचार्य डा.हर्षवर्धन यादव, मप्र लघु उद्योग निगम के सुदीप सहाने सहित जिले के विद्यमान एवं भावी उद्योगपति एवं उद्यमी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेडमैप के जिला समन्वयक ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का परिचय तथा स्वागत किया।

शासन की योजनाओं के साथ सामंजस्य बनाएं: पांडे

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष बीए पांडे ने कहा आज के इस कार्यक्रम में उद्योगपतियों के साथ युवा और विद्यार्थी भी शामिल हैं। शासन स्वरोजगार के क्षेत्र के लिए कई योजनाएं चला रहा है। आप लोग इन योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी एकत्र कर शासन को एप्रोच करें। आज हर विभाग किसी न किसी योजना के तहत रोजगार निर्माण का प्रयास कर रहा है। शासन का उद्देश्य रोजगार का निर्माण करना है, हमारा उद्देश्य उस रोजगार को पैदा करने के लिए अपने आपको स्थापित करना है।

उद्योगों के विकास के विजन में सहभागी बनें उद्यमी : मंडलेकर

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक धीरज मंडलेकर ने कहा बैतूल जिले में उद्योगों के विकास के लिए मुख्यमंत्री का जो विजन है, उसमें आप सभी सहभागी बनें। बैतूल में एक नया औद्योगिक क्षेत्र प्रारंभ हुआ है जिसके लिए आवेदन 15 नवंबर तक किए जा सकते हैं। जिले के औद्योगिक विकास के लिए हम और आप समन्वय और सामंजस्य के साथ प्रयास करें। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के कार्यालय का नाम उद्योग भवन है। यह भवन सिर्फ वहां कार्यरत कर्मचारियों का नहीं बल्कि उद्योग स्थापना से जुड़े हर व्यक्ति का है।

महाराष्ट्र बार्डर पर सालबर्डी में चल रहा जुआ

मुलताई। ग्राम पंचायत सालबर्डी के ग्राम घोरपेंड में इन दिनों महाराष्ट्र के जुआरियों द्वारा जमकर जुआ चलाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन महाराष्ट्र एवं क्षेत्र के कई जुआरी बडी बडी गाड़ियों से पहुचकर लाखो रूपए के दांव लगा रहे है। इस जुए को क्षेत्रीय लोग बट्टा बोलते है। यह बट्टा चलाने में योगेश और नवीन नाम के दो युवाओं की बड़ी भूमिका बताई जाती है। सुत्र बताते है कि इन दोनो द्वारा अपने आप को नेताओं संरक्षण प्राप्त होना एवं पुलिस से बट्टा चलाने की अनुमति दिलाने के नाम पर अधिकारियों के नाम से लाखों रूपए बट्टा चलाने वाले जुआरियों से वसुले जा रहे है। जो कि कुछ समय पहले मुलताई एसडीओपी कार्यालय के चक्कर कांट रहे थे लेकिन वहां से उन्हे दुत्कार कर भगा दिया गया है और मुलताई थाना क्षेत्र की सीमा में जुआ खिलाने के लिए मना कर दिया गया है। अब योगेश और नवीन महाराष्ट्र के गज्जु ,गुडडू उर्फ विजय एवं दिलीप, पवन, तथा मनोज आठनेर थाना क्षेत्र की सीमा स्थित ग्राम घोरपेंड की पहाडियों पर स्थान बदल बदलकर खुले आम जुआ चलवा रहे है। जुआ संचालको द्वारा 20-30 लडको को जुआ स्थान के आसपास सडको पर चौकीदारी के लिए लगा दिया जाता है अनजान व्यक्ति या वाहन के उक्त सड़क पर आने या गुजरने पर तत्काल जुआ संचालकों को सूचना देकर सतर्क कर दिया जाता है। जिसके बाद वह अपना स्थान बदल लेते है। सूत्र बताते है योगेश और नवीन अधिकांश जुए की सेंटिंग अधिकारियों से कराने दावा कर जुआ संचालकों से रूपए ऐठते है जो कि कभी मुलताई थाना क्षेत्र में तो कभी आठनेर थाना क्षेत्र में स्थान बदल बदल कर जुआ चलवा रहे है।

इनका कहना है -

हमारे द्वारा लगातार गश्त की जा रही है मुलताई थाने से भी इस संबध में चर्चा कर योजना बनाई जा रही है जल्द ही मुलताई थाने के साथ संयुक्त कार्रवाई कर इन जुआरियो के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

विजय सिहं ठाकुर
टीआई आठनेर

हमारे द्वारा आठनेर पुलिस के साथ संयुक्त छापामार कार्रवाई की जाएगी। जंगल में चारो ओर से घेराबंदी कर इन जुआरियों को जल्द ही पकडकर कार्रवाई की जाएगी ।

नरेन्द्र सिंह परिहार
टीआई मुलताई